# समाचार
# स्मार्ट सिटी मिशन, स्वच्छ भारत मिशन
# निगम के 20 वार्डो में आयोजित की गई गोष्ठियां
## ( स्मार्ट सिटी कोरबा एवं स्वच्छ भारत मिशन विषय पर नागरिकों से हुआ विचार विमर्श )

कोरबा 13 जुलाई 2015 –स्मार्ट सिटी मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन के संबंध में आज निगम के 20 वार्डो में गोष्ठियों एवं परिचर्चाओं का आयोजन निगम द्वारा किया गया। गोष्ठियों में स्मार्ट सिटी कोरबा व स्वच्छ भारत अभियान पर वार्ड के नागरिकों से विस्तृत विचार विमर्श एवं परिचर्चाएं की गई तथा इस संबंध में उनके विचारों को निर्धारित प्रारूप में संग्रहित किया गया।

भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत कोरबा नगर को स्मार्ट सिटी का दर्जा दिलाए जाने की दिशा में निगम द्वारा आवश्यक कदम उठाने प्रारंभ कर दिये गये है। शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार निगम के क्षेत्र के समस्त वार्डो में गोष्ठियों एवं परिचर्चा आदि के माध्यम से आमनागरिकों के विचार जानने एवं उनकी सहभागिता प्राप्त करने की दिशा में काम करते हुए निगम द्वारा आज 20 वार्डो में गोष्ठियों का आयोजन किया गया। आज निगम क्षेत्र के वार्ड क्र. 01, 09, 07, 34, 35, 15, 45, 49, 02, 26, 17, 21, 24, 29, 32, 54, 57, 60, 63 एवं वार्ड क्र. 66 में गोष्ठी आयोजित की गई। निगम के अधिकारियों द्वारा इन गोष्ठियों के माध्यम से कोरबा को स्मार्ट सिटी बनाये जाने एवं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत किये जा रहे कार्यो के संबंध में आवश्यक जानकारी आमनागरिकों को प्रदान की गई तथा इन विषयों पर उनके विचार व सुझाव आमंत्रित किये गये। गोष्ठियों के दौरान स्मार्ट सिटी मिशन, अमृत मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, मेरे सपनों का स्वच्छ शहर, स्वच्छता व साफ–सफाई हेतु सहभागिता एवं नागरिकों व नगर निकायों की जिम्मेदारी, नगर पालिक सेवाओं व अधोसंरचना को स्मार्ट बनाने, स्मार्ट सिटी मिशन अंतर्गत अपने–अपने क्षेत्र एवं शहर को सम्मिलित कराने हेतु नागरिकों की अपेक्षा व सहभागिता आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए, नागरिकों की विचारों व परामर्श को निर्धारित प्रपत्र में अंकित किया गया, इसके साथ ही शहर के प्रथम ई–न्यूज लेटर हेतु उपस्थित नागरिकों के ई–मेल आईडी को संग्रहित किया गया। निगम द्वारा आमनागरिकों से अपील भी की गई है कि वे इन गोष्ठियों के माध्यम से अपने ई–मेल आईडी उपलब्ध कराये, ताकि उसका उपयोग जानकारियों के आदान–प्रदान हेतु किया जा सके।

**14, 15 एवं 16 जुलाई को वार्डो में आयोजित होगी गोष्ठियां**– स्मार्ट सिटी मिशन व स्वच्छ भारत मिशन के संबंध में वार्डो में आयोजित की जानी वाली गोष्ठियों एवं परिचर्चाओं के संबंध में निगम द्वारा तिथि एवं वार्डवार योजना के अनुसार 14, 15 एवं 16 जुलाई को भी विभिन्न वार्डो में गोष्ठी आयोजित की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार 14 जुलाई को वार्ड क्र. 04, 10, 08, 39, 36, 16, 46, 50, 03, 27, 18, 22, 25, 30, 33, 55, 58, 61, 64 एवं 67 में गोष्ठी आयोजित होगी। 15 जुलाई को वार्ड क्र. 05, 11, 40, 37, 42, 47, 51, 13, 20, 23, 28, 31, 19, 56, 59, 62, 65 में गोष्ठियां आयोजित की जाएगी। 16 जुलाई को वार्ड क्र. 06, 12, 41, 38, 43, 44, 48, 52, 53, 14 में गोष्ठियां आयोजित होगी।